चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

# चिरेका कर्मचारियों को सितंबर माह के लिए मिला “मैन ऑफ़ द मंथ” का अवार्ड

चित्तरंजन ;26.10.2024;

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में सेवारत (1) श्रीमती शारदा कुमारी, तकनीशियन-I/इलेक्ट्रिक लोको शॉप(ELS) -19/इलेक्ट्रिकल विभाग (2) श्री शीर्षेंदु घोषाल/ सीनियर सेक्शन इंजीनियर/इलेक्ट्रिक लोको बोगी शॉप(ELB)25 / मैकेनिकल विभाग, (3) श्री प्रद्युत चट्टोपाध्याय, जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल)/MTS-56/ मैकेनिकल विभाग और (4) श्री पंकज कुमार; इंस्पेक्टर/RPF/TS-Post / सुरक्षा विभाग को सितंबर 2024 के लिए "मैन ऑफ द मंथ" से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार इनके असाधारण प्रदर्शन, समर्पित योगदान के लिए दिया गया है। श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक ने आज 26.10.2024 को इन सभी को "मैन ऑफ द मंथ" पुरस्कार प्रदान किया और बधाई दी।

श्रीमती शारदा कुमारी दैनिक उत्पादन योजना टीम से जुड़ी हुई हैं। वह पहले से ही लोकोमोटिव उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण वस्तुओं (critical items) को अग्रिम रूप से रेखांकित करने में सहायक हैं, जो समय पर सामग्री व्यवस्था में मदद करता है। समय सीमा के भीतर शॉप-19 और स्टोर विभाग के प्रगति अनुभाग के साथ समन्वय करके रिपोर्ट और डेटा तैयार करती हैं।

श्री सिरशेंदु घोषाल ने इलेक्ट्रिक लोको बोगी शॉप(ELB) के दो प्रक्रियाधीन प्रस्तावों के लिए निविदा प्रक्रिया के समय पर निष्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिनमें "360 वेल्डरों के लिए एक बार का वेल्डर प्रशिक्षण" और "वेल्डिंग प्रक्रिया विशिष्टताओं (WPS) की समीक्षा और मानकीकरण" शामिल हैं।

श्री प्रद्युत चट्टोपाध्याय की देखरेख में breakdown conditions में लोको लिफ्टिंग जैक को मरम्मत कर कुछ दिनों के भीतर उत्पादन को सौंप दिया गया, जिससे न केवल स्क्रू रॉड को क्षति से बचाया गया, बल्कि काफी मात्रा में रुपये की भी बचत हुई।

श्री पंकज कुमार ने अपने पर्यवेक्षण में Railway Act और RP(UP) Act की विभिन्न धाराओं के तहत कई मामले दर्ज किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तियों की गिरफ्तारी और संपत्ति की वसूली हुई है। उन्होंने, चिरेका परिसर में मवेशियों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने , चिरेका टाउनशिप में अनधिकृत संरचनाओं को demolish करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । उन्होंने रेलवे कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शनों और धरनों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा"नो पार्किंग" क्षेत्र को बनाए रखना भी सुनिश्चित करने में भी योगदान दिया है ।

सेवा में,

समाचार संपादक----------------------

जनसंपर्क विभाग सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन द्वारा जारी।